/font>

Title: Need to provide better telephone facilities in Ajmer, Rajasthan particularly in rural areas.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदय, अजमेर का पर्यटन, पुरातत्व, शिक्षा, धर्म आदि की दृटि से अत्यधिक महत्व है। अजमेर के पास ही पुकर नाम का सुप्र ासिद्ध तीर्थस्थल है जहां हजारों तीर्थयात्रियों का निरंतर आना-जाना रहता है। अजमेर जिले में नसीराबाद नामक सुप्रसिद्ध सैनिक छावनी तथा ब्यावर एवं किशनगढ़ जैसी महत्वपूर्ण औद्योगिक नगरियां हैं।

परंतु दूरसंचार सेवाओं की दृटि से अजमेर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र अभी तक देश के अन्य उन्नत क्षेत्रों की तुलना में अत्यधिक पिछड़े हैं। हजारों ग्रामीण उपभोक्ता तथा सैकड़ों छोटे-बड़े गांव अभी तक दूरसंचार सेवाओं से वंचित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों व्यक्तियों ने 7-8 वर्ा पहले राट्रीय दूरसंचार नीति की लुभावनी योजनाओं से प्रेरित होकर दूरसंचार संयोजन (Telephone Connection) प्राप्त करने के लिए तत्कालीन निर्धारित 1000 रुपये की राशि प्रति उपभोक्ता जमा कर दी थी। परंतु 7-8 वर्ा हो जाने के पश्चात भी अभी तक दूरसंचार सेवाओं से सर्वथा वंचित हैं। शहरी क्षेत्र भी अत्याधुनिक दूरसंचार संबंधी मशीनरी की दृटि से उपेक्षित हैं। स्थानीय उच्चाधिकारियों से जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार अनुरोध करने पर भी ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार के संयोजन में साधनों के अभाव में असमर्थता व्यक्त की जा रही है। अब तक उन्हें WLL प्रणाली के मोहक आर्काण का भरोसा था परन्तु उसकी आपूर्ति अजमेर जिले में अत्यधिक कम होने के कारण हजारों उपभोक्ता दूरसंचार सेवाओं से वंचित रहकर असंतोा एवं आक्रोश के शिकार हो रहे हैं।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि तत्काल अजमेर जिले के लिए ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अधिक WLL उपकरण तथा शहरी क्षेत्र हेतु आधुनिक मशीनरी उपलब्ध करायें।

श्री महेश्वर सिंह (मंडी) : उपाध्यक्ष महोदय, यह स्थिति अजमेर की ही नहीं है, यह सारे देश की स्थिति है। इसलिए मैं भी इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।